# चिड़िया का चित्र



पिंकी दूसरी कक्षा में पढ़ती थी। उसे चित्र बनाने का बहुत शौक था। वह हमेशा किसी भी चीज़ का चित्र बनाने में लग जाती। एक दिन उसने आँगन में एक सुंदर-सी चिड़िया देखी। उसको देखते ही वह चित्र बनाने का सामान ले आई और उसका चित्र बनाने की कोशिश करने लगी।



लेकिन, चिड़िया एक जगह बैठ ही नहीं रही थी। चिड़िया इधर-उधर उड़ रही थी। इसलिए पिंकी चित्र नहीं बना पा रही थी। परेशान होकर पिंकी अपने कमरे में जाकर सो गई। जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा, चिड़िया उसके कमरे की खिड़की पर बैठी है। यह देखकर वह खुश हो गई और चिड़िया का चित्र बनाने लगी।

LLF Language and Learning foundation
शिक्षा का अधिकार
सब पढ़ें सब बढ़ें
HSSPP
Designed by www.stelladesignandprint.com